हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

11 स्कूली बच्चे निभायेंगे शेडो ऑफिसर की भूमिका



12 1.17 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार





Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सरसोंपुरी में भागवत महापुराण जारी

पुरी। ग्राम सरसोंपुरी में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 8 से 15 नवंबर तक किया गया है। कथाव्यास पं. सोमप्रकाश दुबे रामपुर भखारा एवं परायणकर्ता रिंकू शर्मा नारी हैं। यह जानकारी खूबलाल, सरस्वती सेन ने दी है।

### सिवनीकला में आज नाचा कार्यक्रम

सिर्री। ग्राम सिवनीकला के बांधापारा में 12 नवंबर को देवउठनी त्योहार (तुलसी विवाह) के अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच ईश्वर लाल साहू ने बताया कि रात्रि 9 बजे से भुंईया के अंजोर नाचा पार्टी ग्राम गांजर बागबाहरा जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी।

### प्रायोगिक परीक्षा 28 से

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के बीए, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 28 नवम्बर से 16 दिसम्बर के मध्य संभावित है। इसके लिए क्रेडिट सिस्टम अनुसार प्रत्येक प्रायोगिक विषय के लिए विद्यार्थी की 30 घंटे प्रायोगिक कक्षा में उपस्थिति अनिवार्य है। अनुपस्थित होने पर जिम्मेदारी छात्राओं की होगी।

### शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण 16 से

धमतरी। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 1484 पदों पर सीधी भर्ती हेतु वर्ष 2023-24 में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। राज्य में कुल 17 नोडल वनमण्डलों (रायपुर, महासमुंद धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर) में 16 नवम्बर से शारीरिक नापजोख एवं दक्षता परीक्षण प्रारंभ होगा।

### कोर्रा में 13 को रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ

धमतरी। ओबीसी संयोजन समिति एवं ग्राम इकाई कोर्रा के तत्वावधान में 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खेल मैदान परिसर कोर्रा में रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया है। अधिवक्ता शत्रुघन साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम नई फसल के आगमन व किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए किया गया है। यजमानों को अभिमंत्रित रुद्राक्ष भेंट किया जाएगा। आयोजक टीम के प्रमुख यशवंत साहू ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 को

धमतरी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले में यह कार्यक्रम 15 नवम्बर से शुरू होगा। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा जनजातीय परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं पक्का घर, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की सुविधाओं का विस्तार कर जनजातीय समुदायों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर जनजातीय ग्रामों का समग्र विकास करना है।

देवउठनी से पहले बाल संरक्षण इकाई अलर्ट, बाल विवाह मुक्त धमतरी बनाना लक्ष्य

# सामाजिक संगठनों के दम पर रोकेंगे बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देवउठनी से शुभ मुहूर्त शुरू हो रहा है। शादी ब्याह का सिलसिला भी शुरू होने वाला है। ऐसे में महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की टीम बाल विवाह रोकने के लिए अलर्ट मोड में आ गई है। इस बार सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ा गया है। गांव - गांव में टीम गठित है, जिन्हें बाल विवाह पर नजर रखने के लिए कहा गया है।

प्रदेश में लगातार बाल विवाह रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भी बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का आह्वान किया है जिसे देखते हुए इस साल अभी से बाल विवाह को कड़ाई से रोकने की पहल शुरू कर दी गई है। ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण इकाई का गठित है जिन्हें देवउठनी से ही अलर्ट रहने और बाल विवाह के मामलों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त सरपंच, नगर पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ा गया है। कलेक्टर द्वारा इन लोगों को पत्र जारी कर बाल विवाह रोकने के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई है। चाइल्ड हेल्प लाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई और पुलिस विभाग की भी इस अभियान में भागीदारी रहेगी।

### बाल विवाह रोकने बनी टीम

पंचायत स्तर पर टीम तो गठित है। विकासखंड और जिला स्तर पर भी टीम का गठन किया गया है। विकासखंड स्तर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी, सर्व एकीकृत बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षक, चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सरपंच, सचिव को टीम में शामिल किया गया है। जिला स्तरीय टीम में जिला संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक, संस्थागत संरक्षण अधिकारी यशवंत बैस, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार अमृत, गैर संस्थागत संरक्षण अधिकारी राजीव गोस्वामी के साथ पुलिस और चाइल्ड लाइन टीम के सदस्य शामिल हैं।



### घटा बाल विवाह का प्रतिशत

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह का प्रतिशत घटा है। इसके बाद भी बाल विवाह हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार पहले प्रदेश में बाल विवाह का प्रतिशत 23 था जो घटकर अब 12.1 प्रतिशत हो गया है। वैसे धमतरी जिले में लगातार बाल विवाह रोकने के लिए अभियान चल रहा है। वर्ष 2016 से अब तक बाल विवाह के 83 मामले रोके गए हैं। पिछले तीन साल में ही 43 मामले रोके जा चुके हैं। पिछले साल 4 मामलों में बाल विवाह रोका गया।

## कोलियारी-खरेंगा मार्ग की गुणवत्ता ताक पर

- सड़क संघर्ष समिति ने निविदा शर्तों के मुताबिक सड़क निर्माण की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के बहुप्रतीक्षित मार्ग कोलियारी, खरेंगा, जोरातराई सड़क निर्माण में निर्धारित मापदंड का पालन नहीं करने की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

सोमवार को सड़क संघर्ष समिति के राजकुमार ध्रुव, खोमन लाल, कैलाश साहू, गोपेश यादव, धनसिंग दीवान, झनेन्द्र निषाद, विकास दीवान, कोमल साहू, तुकाराम दीवान, रामेश्वर सोनकर, कंसराम नेताम, प्रीतम सोनकर, गोपी निषाद, सोनउराम साहू, ढालू नेताम आदि ने कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत कर कहा है कि कोलियारी, खरेंगा, जोरातराई सड़क का चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य जारी है। 32 किमी लंबाई वाले इस मार्ग के आजू-बाजू मुरूमीकरण करना निविदा शर्तों में निहित है लेकिन उक्त कार्य में मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़क की गुणवत्ता तथा मजबूती कमजोर होगी। इस मार्ग में रेत खदान होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही होती है जिससे सड़क के उखड़ने की संभावना है। सड़क निर्माण समिति ने निर्माण एजेंसी से निविदा शर्तों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग कलेक्टर से की है।



## गुजरा के किसान लेंगे तिलहन-दलहन की फसल

- फरवरी से जून माह तक मोटरपंप बिजली बिल माफ करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रबी सीजन में दलहन-तिलहन बोनी के लिए गांव-गांव में सहमति बन रही है। इसी कड़ी में ग्राम गुजरा के ग्रामीणों ने दलहन-तिलहन फसल लगाने तथा फरवरी से जून माह तक का बिजली बिल माफ करने की मांग की है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम विकास समिति गुजरा के जिपं सभापति गोविंद साहू, अमरदीप साहू सरपंच शांति बाई ध्रुव, नंदलाल साहू आदि ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गुजरा के ग्रामीणों ने रबी फसल में धान बोनी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया है। सर्वसम्मति से लिए गए इस फैसले का उल्लंघन करने वाले दोषी होंगे। सभी किसान दलहन-तिलहन की बोनी करेंगे। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि दलहन-तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए फरवरी माह से जून माह तक मोटरपंप के बिजली बिल को माफ करने की मांग की है।





## शिक्षिका के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से छात्रा पढ़ाई से वंचित

- पिता ने कलेक्टर से की शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल डुबान क्षेत्र के ग्राम पटौद में प्रधान शिक्षिका द्वारा कक्षा चौथी की छात्रा को पढ़ाई से वंचित करने का मामला सामने आया है। तीन माह से पढ़ाई नहीं कर पा रही छात्रा के पिता ने शिक्षिका पर उचित कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर से की है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम पटौद निवासी भागवत राम यादव ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि वह ग्राम पटौद जिला धमतरी का निवासी है। उसकी पुत्री मीनाक्षी कक्षा चौथी की छात्रा है। पटौद प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान शिक्षिका उसकी बेटी को बीमार बताकर स्कूल से घर वापस भेज देती है। इसकी शिकायत उसने 3 माह पूर्व भी की थी। उसकी बेटी तीन माह से स्कूल नहीं जा रही है जिससे उसका भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्होंने बताया कि पटौद प्राथमिक शाला में कुल 9 बच्चे पढ़ते हैं। चौथी में केवल उसकी बेटी अध्ययनरत हैं। पांचवीं में 3 छात्र हैं। शिक्षिका के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से प्राथमिक शाला के बच्चों का शिक्षा स्तर गुणवत्ताहीन है। भागवत यादव ने शिक्षिका के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## अवैध शराब की बिक्री करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अलग-अलग थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 29 पौवा शराब जब्त की है।

- पुलिस ने 29 पौवा अवैध शराब जब्त की

पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री, जुआ-सट्टा के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सिटी कोतवाली व बिरेझर चौकी पुलिस ने शराब की बिक्री कर रहे दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सोरिद नगर के भर्रीपारा स्थित आंगनबाड़ी के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल रेड की कार्रवाई की। यहां मनोज देवांगन पिता मन्नूराम उम्र 42 वर्ष भर्रीपारा सोरिद नगर निवासी को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 19 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1710 रूपये व बिक्री रकम 920 रूपये कुल 2630 रूपये जब्त की गई।





इसी तरह बिरेझर चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुल्ले नहर पुलिया के पास दबिश दी। जहां पर पुनीत कोठारे पिता संतानु उम्र 34 वर्ष को अवैध शराब की बिक्री करते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 10 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 11 सौ रूपये व बिक्री रकम 240 रूपये कुल 1340 रूपये जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी मनोज देवांगन व आरोपी पुनीत कोठारे के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई की है।

## जीजा के घर से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

- अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

धमतरी। अपने जीजा के घर से वापस अपने गांव लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार नरेन्द्र कुमार नेताम पिता सहदेव उम्र 27 वर्ष गाम मटिया थाना रनचिरई जिला बालोद निवासी नवम्बर को भाईदूज मनाने अपने दीदी-जीजा के घर ग्राम कोसागोंदी थाना सनौद गया था। जहां से उसी शाम को युवक बाइक में सवार होकर वापस अपने घर ग्राम मटिया लौट रहा था। गुण्डरदेही मार्ग से गुजर रहे युवक को ग्राम अरमरीकला के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिये पलारी अस्पताल लाया गया। रिफर किये जाने पर घायल को गुरूर अस्पताल ले गये। वहां से रिफर करने पर घायल को धमतरी लाकर सिविल लाइन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## तालाब में डूबने से बाल-बाल बची महिला

- खपरी-सिलौटी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नहाने के लिये तालाब गई महिला अचानक पानी में गिर गई, जिसे अन्य महिलाओं ने डूबने से बचा लिया है।

परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी-सिलौटी निवासी अनीता साहू पति वामदेव साहू उम्र 35 वर्ष सोमवार की सुबह नया तालाब में नहाने गई थी। महिला पचरी में कपड़ा धोने के बाद तालाब में नहाने चली गई। नहाकर महिला वापस पचरी में आ गई। महिला पचरी किनारे बैठी थी। इसी दौरान महिला को अचानक चक्कर आ गया जिससे वह सीधे तालाब में जा गिरी। इसी दौरान उसी पचरी में नहा रही गांव की अन्य महिलाओं की नजर पानी में गिरी महिला पर पड़ी। महिलाओं ने अनीता को किसी तरह पानी से बाहर निकालकर परिजनों को घटना की सूचना दी।



महिला अचेत हो गई थी। जानकारी होते ही परिजन तत्काल तालाब पहुंचे। महिला की हालत देख निजी वाहन की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। वार्ड में भर्ती कर महिला का उपचार किया जा रहा है। उसकी हालत में सुधार आ रहा है। बताया गया कि तालाब काफी गहरा है। समय रहते अन्य महिलाएं उसे पानी से बाहर नहीं निकालती तो बड़ी घटना हो सकती थी।

## धान उपार्जन पर आज दिया जायेगा प्रशिक्षण

धमतरी। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 14 नवम्बर से शुरू होगा। इस दौरान धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी की समुचित व्यवस्था, सही गुणवत्ता, पर्यवेक्षण, निगरानी एवं वास्तविक किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर 12 नवम्बर को सुबह 10 बजे से विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित शहीद वीरनारायण सिंह सामुदायिक भवन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का प्रशिक्षण रखा गया है। खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम ने उपसंचालक कृषि मोनेश साहू को उनके अधीनस्थ संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए निर्देशित करने के लिए कहा है।

देवउठनी पर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का होगा विवाह

## योग निद्रा से जागेंगे श्री हरि, आज सजेगा गन्ने का मंडप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देवउठनी एकादशी पर आज गन्ने के मंडप में भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह होगा। इसी दिन संसार के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु योग निद्रा से जागेंगे और विवाह, गृह प्रवेश आदि के लिए शुभ मुहूर्त की शुरूआत होगी।

छोटी दिवाली यानी देवउठनी त्योहार को लेकर अंचल में उत्साह है। जिले में बाहर से बड़ी मात्रा में गन्ने की खेप पहुंची है। बाजार में 50 से 80 रूपए जोड़ी में गन्ने मिल रहे हैं। सोमवार से ही लोग गन्ने खरीदकर घरों में मंडप सजा रहे थे। देवउठनी का पर्व आज मनाया जाएगा। गन्ने के मंडप में भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह होगा। मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं। देवी तुलसी से उनका विवाह होने के साथ ही शुभ मुहूर्त का सिलसिला शुरू हो जाएगा।





पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विवाह के कुल 18 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। 15 दिसंबर से 13 जनवरी 2025 तक खरमास लगने के कारण विवाह आदि बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर, 13, 15, 16, 17, 18, 22, 25 और 28 नवंबर को शादी ब्याह सहित अन्य शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त है। दिसंबर माह में 4, 5, 9, 10 और 15 तारीख को शुभ मुहूर्त है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## बाल दिवस पर स्कूलों में होगा न्योता भोज का आयोजन

# स्कूली बच्चे निभायेंगे शेडो ऑफिसर की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 से, नोडल अधिकारी रहें अपने क्षेत्र में : कलेक्टर



कलेक्टर नम्रता गांधी ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत 14 नवम्बर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के सुचारू संपादन के लिए नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्र में रहना सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने बताया कि धान खरीदी कार्य सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगा। संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को समय पूर्व खरीदी केन्द्रों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कहा कि शासन की शासन के गाइडलाइन अनुसार और वास्तविक उत्पादन के आधार पर ही धान खरीदी करें। बैठक में आयुक्त नगरनिगम धमतरी प्रिया गोयल, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को जिले के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार कलेक्टर ने इस दिन जिले के सभी स्कूलों में बच्चों को न्यौता भोज कराने कहा। 19 नवम्बर को स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे शेडो ऑफिसर की भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस दौरान बच्चे एक दिन के अधिकारी के रूप में कलेक्टर, सीईओ, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ की भूमिका निभाएंगे और विभिन्न विभागों की कार्यशैली, गतिविधियों को करीब से जानने और समझने का प्रयास करेंगे, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास तो होगा ही, साथ ही भविष्य में उनके कैरियर में भी फायदा मिलेगा। 15 नवम्बर को जिले के नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम सांकरा में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों संबंधी स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

13 नवम्बर को नगरी विकासखण्ड के ग्राम बेलरगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने उल्लास प्रोजेक्ट के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। जाति प्रमाण पत्रों के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने कहा। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने हर घर जल प्रमाणीकरण के स्थिति की जानकारी ली और उसे समय सीमा में पूरा करने कहा।


## राइस मिल पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई


- 1194 क्विंटल 40 किलो धान तथा 846 क्विंटल चावल जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में खाद्य विभाग द्वारा राइस मिलों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में 9 नवम्बर को विभागीय अमला द्वारा नगरी विकासखण्ड के तहसील बेलरगांव स्थित श्री गजराज एग्रो इण्डस्ट्रीज गढ़डोंगरी मा. द्वारा स्टेक प्राप्त होने के बाद भी लम्बे समय से चावल जमा नहीं करने के कारण उक्त राइस मिल की जांच की गई। जांच में श्री गजराज एग्रो इण्डस्ट्रीज गढ़डोंगरी मा. से धान का भौतिक सत्यापन करने पर स्टॉक में 19014 क्विंटल 11 किलोग्राम धान कम पाया गया। श्री गजराज एग्रो इंडस्ट्रीज गढ़डोंगरी मा. द्वारा 15 दिनों से अधिक अवधि तक स्टेक प्राप्त होने के बाद भी चावल जमा नहीं करने पर भौतिक सत्यापन कर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिकाओं का उल्लंघन पाए जाने के कारण 1194 क्विंटल 40 किलोग्राम धान तथा 846 क्विंटल चावल जब्त कर लिया गया।

## छात्र सागर ने पेंसिल से बनाई आकर्षक पेंटिंग





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी अंचल का होनहार युवक सागर यादव अपने हुनर का बखूबी इस्तेमाल कर पेंटिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बीएससी फर्स्ट ईयर की छात्र सागर यादव पिता दुलेश यादव ग्राम उमरगांव तहसील नगरी जिला धमतरी का रहने वाला है। उन्होंने पेंसिल से बहुत ही आकर्षक और बारीकी से आर्ट पेंटिंग बनाई गई है जो दिखने में कार्बन कॉपी जैसे दिख रही है। युवा यादव समाज के अध्यक्ष डीके यादव द्वारा समाज के हुनरमंद युवाओं को प्रोत्साहित कर उचित स्थान और मंच दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि यादव समाज युवक-युवती को आगे बढ़ाने हरसंभव प्रयास कर रहा है।



सागर यादव

युवक की कला की समाज के प्रवीण, श्रवण यादव, विशेष यादव, हरीश यादव, बीरेंद्र यादव, संतोष यादव, शैलेन्द्र धेनुसेवक, मन्नूलाल यादव, नंद यादव, माधव यादव, डोमेंद यादव समेत अनेक समाजजनों ने प्रशंसा की है।

## पार्टी के प्राथमिक व सक्रिय सदस्यता अभियान पर किया मंथन

- स्थानीय बूथ समिति के चुनाव को लेकर भाजपा की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भाजपा की बैठक ग्राम सांकरा के अरसीकन्हार वन परिक्षेत्र के वनविश्राम गृह में आयोजित की गई जिसमें पार्टी के प्राथमिक व सक्रिय सदस्यता अभियान के साथ ही संगठन चुनाव को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि स्थानीय बूथ समिति के चुनाव के लिए भाजपा मंडल नगरी के लिए कार्यशाला आयोजित की गई थी। 11 नवंबर से 30 नवंबर तक बूथ का चुनाव शक्ति केंद्र प्रभारी व सहशक्ति केंद्र प्रभारी द्वारा संपादित किया जायेगा। बूथ चुनाव के बाद नया मंडल अध्यक्ष का





चुनाव होगा। बैठक में सांसद भोजराज नाग, पूर्व विधायक द्वय पिंकी शाह, इंदर चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, रवि दुबे, नागेन्द्र शुक्ला ने सदस्यता अभियान की जानकारी दी।

मौके पर राजेन्द्र गोलछा, विकल गुप्ता, कमल डागा, राजेश गोसाई, हृदय साहू, दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जपं नगरी, हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जपं, आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत, अजय नाहटा उपाध्यक्ष, भूपेंद्र साहू, सुनील निर्मलकर, रूपेन्द्र कुमार साहू, तुलसी राम साहू, अनिरुद्ध गंजीर, प्रेमलता नागवंशी, सुलोचना साहू, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, गिरवर भंडारी, राजू पटेल, जितेन्द्र मंडावी, जीवन नाग, निखिल साहू, घनश्याम नेताम, साधुराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कुर्रा संकुल की बैठक में 24 बिंदुओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

कुर्रा संकुल के 50 प्रतिशत शिक्षक, एसएमसी, एसएमडीसी के सदस्य, स्मार्ट माता एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष बैठक आयोजित कर 24 बिंदुओं की पूरी जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से परख विषय पर चर्चा करवाई गई। बिंदुओं को समय-सीमा में पूर्ण करने की बात कही गई। संकुल प्रभारी बीआर साहू की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यशाला का संचालन संकुल समन्वयक लोकेश पांडेय ने किया।

## राउत नाचा की अगुवाई में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- गाड़ाडीह में गोपाष्टमी महोत्सव मनाया गया

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज खिसोरा मंडल एवं गाड़ाडीह के संयुक्त तत्वावधान में गाड़ाडीह में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। यादव समाज के लोक नृत्य राउत नाचा की अगुवाई में पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यादव बंधुओं द्वारा साहड़ा देव के पास गौ कथा, गौमाता और गोवर्धन पूजा तथा श्री कृष्ण आरती की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गाय से प्राप्त होने वाले पंचगव्य का महत्व, गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास, श्री कृष्ण की लीला, गोपाष्टमी पूजन की विधि व मनाने की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए सनातन परंपरा अनुसार अपने घरों में गाय रखने का निवेदन किया।



मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू सरपंच गाड़ाडीह ने कहा कि सभी गौ पालन अवश्य करें जिससे सनातन धर्म और हमारी संस्कृति तथा संस्कार बने रहे। नवागांव और गाड़ाडीह के राउत नाचा व बांसगीत के कलाकारों ने सभी को मन मोह लिया।

मौके पर हेमलाल निषाद, टीकम साहू, नील कुमार साहू, शांतिलाल साहू, रिखीराम साहू, केजूराम साहू, छेदन साहू, टीकम निषाद, गोकुल यादव, हीरालाल यादव, शिवदयाल यादव, शिवप्रसाद यादव, कृपाराम यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

























विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


देवउठनी एकादशी व तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर
मेरा SWARAJ
इस त्यौहार इनामों की बौछार
ऑफर सीमित समय के लिए
1 सितम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक
देवउठनी एकादशी
तुलसी विवाह की हार्दिक शुभकामनाएं
WARRANTY 6 YEARS WARRANTY
SWARAJ 742 XT
SWARAJ 735 XT
मेरा SWARAJ
733 FE
मात्र
5,15,733/-
में घर लाओ
RTO/बीमा का चार्ज अलग रहेगा
SWARAJ 733 FE
2 YEARS WARRANTY
SWARAJ DURAVATOR
मात्र
39,999/-
डाउनपेमेंट में घर लाओ
*नियम एवं शर्तें लागू
छत्तीसगढ़ ट्रेक्टर्स
रायपुर रोड, बठेना चौक, धमतरी
मो. : 87704-83854, 94255-12494
प्रो. अनिल साहू
ब्रांच ऑफिस - नगरी, मगरलोड, कुरुद, कुकरेल, भखारा

### कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, दूसरा आरोपी पकड़ से बाहर

# 1.17 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

रोबोट ट्रेडर्स एमएक्स लिमिटेड नामक कंपनी में इन्वेस्ट करने पर ज्यादा रिटर्न दिलाने का झांसा देकर 6 लोगों से लगभग 1.17 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार प्रापर्टी डीलर उमेश पटेल पिता शिवराम पटेल उम्र 40 वर्ष गोकुलपुर निवासी से 28 अप्रैल 2022 से 22 जुलाई 2023 के मध्य भिलाई निवासी ज्ञानप्रकाश साहू एवं देवकृष्ण साहू द्वारा रोबोट ट्रेडर्स एमएक्स लिमिटेड कंपनी में निवेश करने पर ज्यादा रिटर्न मिलने का झांसा देकर 8.67 लाख रुपए जमा कराया। कंपनी को भारी नुकसान होने के कारण साफ्टवेयर बंद होना बताकर ज्ञानप्रकाश साहू एवं देवकृष्ण साहू ने उमेश को एआई एफएक्स क्रिप्टोकरेंसी कंपनी द्वारा दिया जाना बताकर मेटा मास्ट वायलेट में 23711 क्वाईन भेजकर धोखाधड़ी की। यहीं नहीं आरोपियों ने इसी तरह अन्य पांच इन्वेस्टर से भी धोखाधड़ी की।

पीड़ित उमेश की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू व देवकृष्ण साहू भिलाई निवासी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना के दौरान पीड़ित ने अपना बैंक एकाउंट तथा आरोपियों द्वारा भेजे गए कंपनी के पीडीएफ के दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत की। पुलिस ने उक्त प्रतियों को जब्त कर धोखाधड़ी के शिकार हुए लीलाराम साहू, पीलाराम चंद्राकर, रेवाराम निषाद, पवन चंद्राकर व खेमलाल साहू का बयान दर्ज किया।

#### नकद व आनलाइन ट्रांजेक्शन से जमा कराये 1.17 करोड़ रू.

उक्त सभी 6 निवेशकों से रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड नामक कंपनी के खाते में 1 से 10 प्रतिशत का मासिक लाभ मिलने एवं ब्रोकरेज को 4 प्रतिशत तथा एक इन्वेस्टर जोड़ने पर ब्रोकरेज का 2 प्रतिशत का लाभ मिलने का प्रलोभन देकर नकद एवं आनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 1 करोड़ 17 लाख 5 हजार 165 रुपए दोनों आरोपियों ने जमा कराए थे। विवेचना में आरोपियों द्वारा छल कर धोखाधड़ी करना पाया गया। प्रकरण में धारा 34 जोड़ी गई। आरोपियों ने अन्य निवेशकों से भी इसी प्रकार नकद रकम लेकर ठगी की है। पुलिस ने आरोपी देवकृष्ण साहू पिता नारददास उम्र 39 वर्ष रामनगर मुक्तिधाम के पास सुपेला भिलाई निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। दूसरे आरोपी की भी जल्द गिरफ्तारी होगी।

#### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली टीआई राजेश मरई, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला, साइबर टीम सहित थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है।

# तेंदुभाठा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका बर्खास्त

### हरिभूमि की खबर का असर : आंगनबाड़ी की छात्रा की कुएं में डूबने से मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड



परियोजना कार्यालय मगरलोड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र तेंदुभाठा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की लापरवाही से केंद्र में पढ़ने वाली तीन वर्षीय छात्रा की कुएं में डूबने से मौत हो गई थी। इस समाचार को हरिभूमि ने प्रमुखता से मामला को उठाया था। इस मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को पद से बर्खास्त कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मगरलोड कार्यालय अंतर्गत ग्राम तेंदुभाठा के आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाली छात्रा सेजल ध्रुव उम्र 3 वर्ष की 23 अक्टूबर को कुएं में डूबने से मौत हो गई थी। महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय मगरलोड की टीम ने कार्यकर्ता, सहायिका, पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों का लिखित बयान दर्ज किया था। ग्रामीणों ने बालिका की मृत्यु के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को जिम्मेदार माना। वहीं ग्रामीण कार्यकर्ता, सहायिका को पद से बर्खास्त करने के बाद ही केन्द्र में अपने बच्चों को भेजने पर अड़े हुए थे। घटना के बाद से केन्द्र में ताला लटका हुआ है।

परियोजना पर्यवेक्षक सेक्टर के जांच प्रतिवेदन एवं ग्रामवासियों के बयान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा कार्य में घोर लापरवाही किया जाना पाया गया है। शासन द्वारा गठित मूल्यांकन समिति के समक्ष 28 अक्टूबर को बैठक रखी गई थी। मूल्यांकन समिति ने गंभीर लापरवाही बरतने पर दोनों को पद से बर्खास्त किये जाने का प्रस्ताव पारित किया। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना मगरलोड ने 8 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को पद से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया।

### मुजगहन हत्याकांड

# मृतक की मां को नौकरी तथा मुआवजा देने की लगाई गुहार

**धमतरी।** सनातन दशनाम गोस्वामी समाज ने अमितपुरी गोस्वामी हत्याकांड में संलिप्त अन्य दोषियों को सजा दिलाने सहित आश्रितों को उचित मुआवजा तथा नौकरी दिलाने की मांग कलेक्टर से की है। जिला गोस्वामी समाज धमतरी के हेमंत गिरी गोस्वामी, रंजीत पुरी, अमितोज गोस्वामी, पुष्पा गोस्वामी, महेन्द्र गोस्वामी, गंगा, आकाश, दिलीप, अर्जुन, दामोदर दास, मनीष गिरी ने कलेक्टर तथा एसपी को ज्ञापन सौंपा है।



- जिला गोस्वामी समाज ने संलिप्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

सोमवार को गोस्वामी समाज ने सौंपे ज्ञापन में कहा है कि 31 अक्टूबर 2024 को अमितपुरी पिता महेन्द्र पुरी गोस्वामी ग्राम मुजगहन की जघन्य हत्या कुछ व्यक्तियों द्वारा मिलकर की गई है। अमितपुरी विगत कुछ वर्षों से कलेक्टर बंगला में कुक का कार्य करते हुए पूरे परिवार का भरण पोषण कर रहा था। अमितपुरी की हत्या होने से उनके बूढ़े माता, पिता बेसहारा हो गए हैं। मृतक के परिवार में आय का कोई साधन नहीं है। आर्थिक स्थिति को देखते हुए मृतक की मां को कलेक्टर दर पर कार्य दिलाने तथा उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। गोस्वामी समाज ने कहा कि हत्याकांड की पूर्ण जांच कर हत्या में संलग्न अन्य दोषियों को भी सजा दिलाई जाए। सभी संलिप्त दोषियों का पर्दाफाश कर आश्रितों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए कहा है कि उनकी मांग पूरी नहीं होने पर जिला तथा प्रदेश गोस्वामी समाज आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

#### निधन : मदनलाल टेमकर



**धमतरी।** आदिम जाति कल्याण विभाग के सेवानिवृत भृत्य टिकरापारा निवासी मदनलाल टेमकर 63 वर्ष का निधन हो गया। वे भूपेश टेमकर के पिता थे। दुगली फ्रेंड्स क्लब ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

#### सामुदायिक रंगमंच का भूमिपूजन

**मगरलोड।** हनुमान मंदिर प्रांगण में सामुदायिक रंगमंच का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि छिपली सरपंच श्रीमती अंजनी श्यामलाल निषाद थीं। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा करेली छोटी ने की।

स्वामी जी
93406-38884

By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल),
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी,
काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर,
पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर ,
डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर,
फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
28 नवंबर 2024
09 दिसंबर 2024
16 दिसंबर 2025
10 जनवरी 2025
21 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग

4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

